कोटद्वार,शनिवार
13 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 252 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाएं : हाईकोर्ट

**हल्द्वानी(एजेंसी)।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में हर तरह के अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही निजी संपत्ति के धारकों को एक सप्ताह के भीतर नोटिस देकर उनकी जनसुनवाई करें। अतिक्रमण वाले लोगों को नोटिस जारी होने के एक सप्ताह के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने को कहें। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे। कोर्ट ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि अब तक हटाए गए अतिक्रमण का मलबा भी फुटपाथों में पड़ा है। उसे दस दिन में हटाया जाए। पूरे मामले की प्रगति रिपोर्ट अगली तिथि पर कोर्ट में पेश करें। अगली सुनवाई फरवरी के तीसरे हफ्ते में होगी। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार हल्द्वानी की नया सवेरा संस्था ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया कि मंगल पड़ाव, महिला अस्पताल, कालू सिद्ध मंदिर, बेस अस्पताल से लेकर रोडवेज बस स्टेशन तक की रोड बहुत ज्यादा संकरी है। जिसकी वजह से आए दिन स्थानीय लोगों के साथ सरकारी कर्मचारियों, स्कूली छात्रों व अन्य यात्रियों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। यह सभी के लिए बड़ी समस्या बन चुका है।

# प्रदेश में 14 से 22 जनवरी तक आयोजित होंगे सांस्कृतिक उत्सव

### ◆जन सहभागिता से जुड़ेगा रामलला प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम ◆22 जनवरी को सभी प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों में होगा प्रसाद वितरण◆22 जनवरी को राज्य में रहेगा ड्राई डे, मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय से सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश दिये कि आगामी 14 से 22 जनवरी 2024 तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश में भव्य आयोजन किये जाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके उपलक्ष्य में प्रदेश में पूरी जन सहभागिता के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर हमें देवभूमि की सेवा करने का जो अवसर मिला है उस अवसर को हम अपने "विकल्प रहित संकल्प" के साथ पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमें उत्तराखंड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाना है। आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। भगवान श्री राम



सीएम पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

के प्राण प्रतिष्ठा के इस भव्य आयोजन को प्रदेश में दिव्य एवं गरिमा के साथ आयोजित किये जाने में सभी को सहयोगी बनना होगा। मुख्यमंत्री ने जनपदों में मंदिरों, घाटों, प्रतिष्ठानों, शहरों में बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यह कार्यक्रम केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रहे। इसमें महिला मंगल दल, युवक मंगल दल स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों और आम जन की सहभागिता से दीपोत्सव, रामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएं। 22 जनवरी को सभी प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों में प्रसाद वितरण किया जाए।

जन सहभागिता से गरीबों तक प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाए। प्रसाद के रूप में उत्तराखण्ड के मिलेट्स को अधिक से अधिक शामिल किये जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को सभी घरों में दीपोत्सव मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। भगवान सूर्य उत्तरायण में प्रवेश कर रहे हैं, इस शुभ अवसर पर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। पूरे प्रदेश में इस अवसर को दीपावली के उत्सव की भांति मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि 14 से 22 जनवरी तक जनपदों में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किये जाएं।

प्रमुख घाटों पर आरती, राम भजन, कलश यात्रा, वॉल पेंटिंग, कार्यालयों में लाइटिंग और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यक्रमों में नवाचार हो। सबसे अच्छा कार्यक्रम करने वाले जनपद को सम्मानित भी किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग भी अपने स्तर से इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि 22 जनवरी को राज्य में ड्राई डे घोषित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि वृद्धाश्रमों, नारी निकेतन, कुष्ठाश्रम, अनाथालयों, अस्पतालों में भी सांस्कृतिक उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव एवं कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव संस्कृति एच.सी सेमवाल, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट और वर्चुअल माध्यम सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## पुंछ में आतंकी हमला, एक बार फिर सेना के वाहन को बनाया निशाना, कई राउंड फायरिंग

**पुंछ , एजेंसी।** जम्मू संभाग के पूंछ में शुक्रवार को आतंकियों ने एक बार फिर सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला बोला है। दहशतगर्दों की इस नापाक हरकत पर भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए फायरिंग की, हालांकि सभी आतंकी फिलहाल भागने में कामयाब रहे। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेरबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है।

सैन्य वाहन पर हमले के बाद कृष्णा घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई एक तरफ जहां सुरक्षा बलों की तरफ से घटना स्थल के आस पास के जंगलों में तलाशी अभियान शुरू कर दिए गए हैं। वहीं कृष्णा घाटी की तरफ आने वाली मुख्य सड़क सहित सभी सड़कों पर पुलिस सेना और



एसओजी की तरफ से नाकेबंदी करके हर आने जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की जा रही है। वाहनों में सवार लोगों के पहचान पत्रों की जांच की जा रही है।

इससे पहले पिछले साल 21 दिसंबर को आतंकियों ने पुंछ के बफलियाज इलाके में सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था। जिसमें सेना के पांच जवानों को वीर गति प्राप्त हुई थी।

## पीएम मोदी ने किया देश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी–न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे समेत दोनों डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फड़नवीस के साथ ही राज्यपाल रमेश बैस भी मौजूद रहे। 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित 21.8 किमी लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी– न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है।



इसके बाद पीएम मोदी नवीं मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार के साथ रोड़ शो किया। रोड़ शो के दौरान उन्होंने वहां एकत्रित भीड़ का आभार जताया। रोड़ शो के बाद पीएम ने नवी मुंबई में 12,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

पीएम नरेंद्र मोदी इसके बाद नवी मुंबई पहुंचे। यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पहले लोगों का उद्घाटन किया। साथ ही ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला रखने और अन्य कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इनमें उरण रेलवे स्टेशन से खारकोपर तक चलने वाली ईएमयू ट्रेन नमो महिला सशक्तीकरण अभियान का शुभारंभ शामिल है।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ ही विकसित भारत के संकल्प के लिए ऐतिहासिक है। आज दुनिया के सबसे बड़े पुल में से एक अटल सेतु देश को मिला है। आज का ये कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि का प्रमाण है।

अटल सेतु भारत का सबसे लंबा पुल है और देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। यह मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर अयोध्या से नेपाल बॉर्डर तक हाई अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे राम मंदिर परिसर का अचूक सुरक्षा घेरा तैयार किया जा रहा है। मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या से लेकर नेपाल बॉर्डर तक हाई अलर्ट रहेगा। अतीत में कई ऐसे अलर्ट मिले हैं, जिनमें अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आतंकी समूह, नेपाल सीमा के जरिए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर अयोध्या के राम मंदिर की तरफ आने का दुस्साहस करने की फिराक में हैं। यही वजह है कि नेपाल से लगती यूपी की करीब 570 किलोमीटर सीमा पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। नेपाल बॉर्डर से लगते यूपी के जिले खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, महाराजगंज, बलरामपुर सिद्धार्थनगर और पीलीभीत में इंटेलिजेंस टीम तैनात हैं। इन जिलों में करीब 257 ऐसे कच्चे रास्ते हैं, जो सीधे नेपाल बॉर्डर की



ओर जाते हैं। अयोध्या में राम मंदिर के अलावा शहर के बाकी हिस्सों में लगे दस हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इनमें से चुनींदा प्वाइंट पर लगे कैमरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा गया है। कोई भी पुलिस कर्मी, अपना ड्यूटी स्थान छोड़कर दूसरी जगह पर नहीं जा सकता। मंदिर परिसर में तैनात कोई पुलिस कर्मी, बिना आज्ञा के मुख्य स्थल तक पहुंचने का प्रयास करता है, तो 'एआई' द्वारा तुरंत अलर्ट जारी कर दिया जाएगा। ऐसा प्रयास करने वाला कोई भी व्यक्ति, किसी भी तरह सुरक्षा गेट से आगे नहीं जा सकेगा।

केंद्रीय एजेंसियों के मुताबिक, राम मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए एक विशेष इंटेलिजेंस सेल बनाया गया है। यहां पर मंदिर को लेकर किसी एजेंसी को जो भी इनपुट मिलता है, उसे साझा किया जाता है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए इंटेलिजेंस विंग केंद्र/राज्य के कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। सबसे ज्यादा ध्यान नेपाल से लगते सीमावर्ती इलाकों पर है। वहां पर जितने भी कच्चे रास्ते, जो नेपाल की तरफ जाते हैं, वहां पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। एसएसबी के जवान 24 घंटे गश्त कर रहे हैं। पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा मंदिर परिसर पर हमला करने की धमकी पहले भी आती रही हैं। इस तरह के हमलों की धमकी के पीछे 'लश्कर–ए–तैयबा' (एलईटी) और जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) जैसे आतंकी संगठनों का हाथ बताया जाता है। ऐसे भी इनपुट मिले हैं कि 22 जनवरी से पहले अयोध्या और उसके आसपास, सांप्रदायिक दंगा कराने का प्रयास किया जाए। फिदायीन अटैक यानी मंदिर में 'पुलिस और फौज' की वर्दी में घुसकर हमला करना, सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे इनपुट भी मिले हैं। इन सबके चलते ही मंदिर परिसर में 'एआई' तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मंदिर परिसर को पूरी तरह से 'नो–फ्लाइंग जोन' घोषित किया गया है। यहां से ड्रोन, हवाई जहाज या चॉपर, कोई भी नहीं गुजर सकेगा। एक ऐसा उपकरण भी राम मंदिर की सुरक्षा में लगाया गया है, जो दूर से ही ड्रोन या वैसी ही किसी वस्तु को मंदिर की तरफ आने से रोक देगा। इस उपकरण की खासियत यह होगी कि इसकी मदद से कई किलोमीटर के दायरे में मंदिर की तरफ आती वस्तु का पता चल जाएगा। इतना ही नहीं, ये उपकरण उस वस्तु को मंदिर तक पहुंचने से पहले ही जाम कर देगा। अगर कोई हैवी मशीनरी वाली वस्तु है तो उसकी दिशा बदली जा सकती है। एक अधिकारी के मुताबिक, अगर वह वस्तु नीचे नहीं गिरती है, तो उसे शूट कर गिराया जा सकता है।

मंदिर की सुरक्षा में सीआरपीएफ, उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ), स्थानीय पुलिस और पीएसी तैनात है। इंटेलिजेंस इनपुट जुटाने के लिए अलग से एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंदिर का सुरक्षा घेरा छह स्तरीय है। इसे भेदना आसान नहीं है। मंदिर परिसर की सुरक्षा को तीन भागों में बांटा गया है। रेड जोन में मंदिर परिसर के अंदर वाला हिस्सा शामिल है। येलो जोन में आसपास के वे सभी रास्ते शामिल किए गए हैं, जो मंदिर परिसर की तरफ जाते हैं। ग्रीन जोन का दायरा इससे कुछ ज्यादा होता है।

# ऊर्जा निगम के इंजीनियरों का प्रबंधतंत्र के खिलाफ धरना



देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने प्रदेश भर में यूपीसीएल मैनेजमेंट के खिलाफ आवाज बुलंद की। शुक्रवार से सभी डिवीजनों में सत्याग्रह शुरू करते हुए धरना दिया गया। मैनेजमेंट पर अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर जानबूझ कर प्रमोशन न किए जाने का आरोप लगाया। वरिष्ठता में जूनियर लोगों को प्रभारी अधिशासी अभियंता का चार्ज देने पर भी सवाल खड़े किए गए। एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेश भर में पॉवर जूनियर इंजीनियर एकजुट हुए। देहरादून में ईसी रोड पर इंजीनियरों ने धरना दिया। मैनेजमेंट पर जूनियर इंजीनियरों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उनके हितों को प्रभावित करने, मूल अधिकारों से वंचित करने के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष आनंद रावत ने कहा कि पूरे प्रदेश में ऊर्जा निगम अकेला ऐसा विभाग है, जहां मैनेजमेंट नियमित व्यवस्था की बजाय कमजोर प्रभारी व्यवस्था को बढ़ावा देने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहा है। केन्द्रीय महासचिव पवन रावत ने कहा कि यही वजह है, जो अधिशासी अभियंताओं के 40 से अधिक पद खाली होने के बावजूद प्रमोशन नहीं किए जा रहे हैं।

# क्षेत्रीय प्राधिकरण खत्म किए तो आंदोलन करेंगे

देहरादून। एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल इंजीनियर्स एंड टेक्निकल्स ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड विकास प्राधिकरण (उडा) क्षेत्रीय प्राधिकरणों को समाप्त करने की साजिश कर रहा है। चेताया कि यदि ऐसा किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धारा 1973 के तहत एमडीडीए और एचआरडीए बनाया गया था। एमडीडीए 1984 में अस्तित्व में आया था। दोनों प्राधिकरणों के माध्यम से शहरों का विकास हो रहा है और हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। लेकिन अब उडा की ओर से इनको खत्म करने की साजिश की जा रही है, जो कि गलत है। इससे लोगों को नक्शा पास करवाने समेत विभिन्न कार्यों में परेशानी होगी। उन्होंने क्षेत्रीय प्राधिकरणों को यथावत रखने की मांग की गई। चेताया कि यदि ऐसा किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद वर्मा, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सचिव अखिलेश भट्ट, सपना कनौजिया, संजय गोसाईं, कपिल शर्मा, अजय कंबोज, कांता कुकरेती, अनिल यादव, राजेंद्र शर्मा, मोहन भट्ट, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# हैड कांस्टेबल माउंट अकोंकागुआ आरोहण को निकले

## –डीजीपी अभिनव कुमार व अन्य अधिकारियों ने किया फ्लैग आफ कर मिशन के लिए रवाना

देहरादून। एसडीआरएफ में तैनात हैड कांस्टेबल राजेंद्र नाथ दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ(6961 मीटर) के आरोहण के लिए रवाना हो गए हैं। शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अभिनव कुमार व अन्य अधिकारियों ने उन्हें फ्लैग आफ कर मिशन के लिए रवाना किया। रजेंद्र ने कहा कि वे 26 जनवरी को इस चोटी पर तिरंगा फहराने का प्रयास करेंगे। हैड कांस्टेबल राजेंद्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वतारोहण एक साहसिक खेल है और एसडीआरएफ के प्रत्येक सदस्य के लिए ऐसे साहसिक खेलों का विशेष महत्व है। इसलिए समय समय पर ऐसे साहसिक खेलों में प्रतिभाग करने के लिए कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाता है। आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि अभी तक एसडीआरएफ ने सतोपंथ, भागीरथी,त्रिशूल व एवेरेस्ट का सफल आरोहण किया है। इन पर्वतारोहण अभियानों के माध्यम से मिले कौशल से एसडीआरएफ ने ग्लेशियरों एवम ट्रेक रूटों में फंसे देश–विदेश के अनेक पर्वतारोहियों,ट्रैकरों एवम पर्यटकों को सकुशल रेस्क्यू किया गया है। कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि राजेंद्र एसडीआरएफ की हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम का एक अभिन्न अंग है।

अब तक फतह कर चुके देश दुनिया की कई बड़ी चोटियां

कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि राजेंद्र अब तक चंद्रभागा–13 (6264 मीटर), डीकेडी–2 (5670 मीटर), माउंट त्रिशूल (7120 मीटर) माउंट गंगोत्री प्रथम (6672 मीटर), माउंट श्रीकंठ (6133 मीटर), माउंट बलज्यूरी (5922 मीटर), माउंट बंदरपूंछ (5500 मीटर), यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुश(5642 मीटर), अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5895 मीटर) का सफलतापूर्वक आरोहण कर चुके हैं। यह उत्तराखंड पुलिस के प्रथम कर्मी है जिन्होंने माउंट एलब्रुस को छः दिवस के अंतराल में डबल समिट और माउंट किलिमंजारो को तीन दिवस के अंतराल में डबल समिट करने का अद्वितीय कीर्तिमान अपने नाम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री गणेश जोशी ने किया सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को गुनियाल गांव में सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों को सैन्यधाम निर्माण के निर्माण कार्यों को दिन रात करने व लेबर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सैन्य धाम के कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए काम की गति तेज करनी होगी। सैन्य धाम का कार्य लगभग 65 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मंत्री ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा के बाद भी उत्तराखंड के कई जवान शहीद हुए हैं। शहीद सम्मान यात्रा के बाद शहीद हुए शहीदों के नाम के आंकड़े अपडेट होने जरुरी हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि पांचवा धाम सैन्य धाम वीर नारियों, वीर माताओं और प्रदेश की जनता को समर्पित किया जायेगा।

### कर्मचारियों ने महंगाई भत्ते का लाभ देने को तेज किया दबाव

देहरादून। केंद्र के समान चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारी संगठनों ने दबाव तेज कर दिया है। उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर जल्द डीए बढ़ाने का आदेश किए जाने की मांग की। सीएम की ओर से जल्द आदेश जारी किए जाने पर सहमति देने पर धन्यवाद दिया गया। समन्वय समिति के संयोजक पूर्णानंद और शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि 15 जनवरी तक महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश किया जाए। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को बहुत पहले से चार प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिल रहा है। राज्य कर्मचारियों की ओर से लगातार मांग किए जाने के बावजूद आदेश जारी नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जो लाभ अक्तूबर में मिल जाना चाहिए था, वो अभी तक नहीं दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को सीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द बढ़े हुए डीए का लाभ देने का आदेश कर दिया जाएगा। सीएम की ओर से सहमति देने पर प्रतिनिधिमंडल ने धन्यवाद दिया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सीएम की ओर से सहमति देने के बाद अब जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अरुण पांडे, पूर्णानंद नौटियाल, अशोक राज उनियाल, एसएस चौहान, शक्ति प्रसाद भट्ट, मुकेश रतूड़ी, हरकेश भारती, सबर सिंह रावत, निशंक सिरोही, दिनेश गोसाई, बीएस रावत, टीएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने लोहड़ी पर नवजात कन्या को किया गया सम्मानित



रुड़की। उत्तरांचल पंजाबी महासभा रुड़की इकाई की ओर से महानगर महिला अध्यक्षा पूजा नंदा के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारी, सोलानीपुरम रुड़की निवासी डॉक्टर अंबर भाटिया के निवास पहुंचे। इस अवसर पर पूजा नंदा ने कहा कि हमारे भारतवर्ष में कन्या को देवी का रूप माना जाता है और उन्हें देवी के समान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने भाटिया परिवार को लोहड़ी के महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कन्या सृष्टि की जननी और पालनहारी होती है। इसलिए उसकी खुशी सभी को मिलकर बनानी चाहिए। पंजाबी सभा के महानगर महामंत्री पंकज नंदा ने कहा हमें बालिकाओं के लिए न सिर्फ प्रमुख को मनाना चाहिए अपितु उनकी शिक्षा और सशक्तिकरण पर भी ध्यान देना चाहिए। युवा महामंत्री सार्थक छाबड़ा ने अंबर भाटिया के परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हमे कन्या होने पर भी लोहड़ी का पर्व बनाना चाहिए। युवा उपाध्यक्ष समीर गांधी ने कहा कि उत्तरांचल पंजाबी महासभा काफी वर्षों से इस प्रकार से कन्याओं को सम्मानित कर रही है। इस अवसर पर कन्या के पिता अंबर भाटिया और माताजी नेहा भाटिया ने उत्तरांचल पंजाबी महासभा के सभी पदाधिकारीयो विशेष कर पूजा नंदा का आभार व्यक्त किया और कहां की वे हमेशा चाहे नवजात कन्याओं का सम्मानित करना हो या उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान करना हो वह हमेशा आगे बढ़कर इस प्रकार के कार्य करती हैं। इस अवसर पर अंबर भाटिया की माताजी व अथर्व भाटिया उपस्थित रहे और उन सभी ने पंजाबी सभा के सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

# अधेड़ महिला से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

देहरादून। अधेड़ महिला से दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज पंकज तोमर ने कुल सात हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। इनमें पांच हजार रुपये पीड़िता को प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि 55 वर्षीय महिला ने आठ दिसंबर 2021 को पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि घटना की सुबह करीब नौ बजे वह पैदल घर से नर्सरी में काम पर जाने के लिए नकली। आरोप है कि इस दौरान सूरज पाल निवासी रतनपुर पटेलनगर पीछा करने लगा। महिला ने टोका तो आरोपी ने महिला का मुंह बंद किया और खींचकर जंगल में ले गया। वहां महिला शोर मचाती रही और आरोपी दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। वहां से महिला किसी तरह अपने काम करने के स्थान नर्सरी पर पहुंची। वहां घटनाक्रम बताया। तब आरोपी के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया। नीयत समय में जांच करते हुए 22 फरवरी 2022 को कोर्ट में चार्जशीट फाइल की गई। तीस मार्च 2022 को चार्ज फ्रेम हुए।

# ईपीएफ पेंशनर्स की न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये पर जल्द फैसला ले सरकार

देहरादून। राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस 95 उत्तराखंड ने न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये किए जाने की मांग को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। जल्द न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये किए जाने के साथ ही नियमित रूप से महंगाई भत्ते का भी लाभ दिए जाने की मांग की गई। तयशुदा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय संघर्ष समिति से जुड़े कर्मचारी, पेंशनर्स शुक्रवार को ईपीएफओ के जीएमएस रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां क्षेत्रीय आयुक्त के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा गया। महासचिव बीएस रावत ने कहा कि मौजूदा महंगाई के दौर में कोई पेंशनर्स कैसे महज एक हजार रुपये में अपना जीवन गुजर बसर कर सकता है। पेंशनर्स से हो रहे इस मजाक को क्यों खत्म नहीं किया जा रहा है। क्यों समय रहते एक सम्मानजनक पेंशन देने का फैसला नहीं किया जा रहा है। पेंशन न बढ़ाए जाने से पूरे देश भर के कर्मचारियों, पेंशनर्स में आक्रोश बढ़ रहा है। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि पेंशन बढ़ाने के साथ ही नियमित रूप से महंगाई भत्ते का भी लाभ दिया जाए।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया देहरादून से बहरीन के लिए आर्गेनिक फल–सब्जियों की सप्लाई का शुभारंभ

देहरादून। उत्तराखंड में उत्पादित आर्गेनिक फल और सब्जियों को विदेश में भी बाजार मिलने लगा है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून से बहरीन के लिए आर्गेनिक फल–सब्जियों की सप्लाई का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने इंटरनेशनल कॉन्क्लेव कम बायर सेलर कार्यशाला में कहा कि हम आर्गेनिक स्टेट के रूप में आगे बढ़ रहे हैं और विदेश से यहां उत्पादित आर्गेनिक फल–सब्जियों की डिमांड भी मिलने लगी है। एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपिडा) की ओर से मसूरी रोड स्थित एक होटल में शुक्रवार को हुई कार्यशाला का कैबिनेट मंत्री जोशी ने शुभारंभ किया। उन्होंने देश–विदेश से आए मेहमानों का उत्तराखंडी टोपी पहनाकर स्वागत किया। जोशी ने कहा कि उत्तराखंड औद्यानिक फसलों के लिए अनुकूल है। प्रदेश में जहां 2017 से पहले कुल कृषि क्षेत्र के एक या दो फीसदी में जैविक खेती होती थी। यह पांच सालों में 38 फीसदी तक बढ़ गई है। सरकार ने 2025 तक इसे 50 फीसदी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 10 विकासखंड पूर्ण जैविक घोषित किए जा चुके है, अगले वर्ष तक यह संख्या 20 कर दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य 11 पर्वतीय राज्यों को पूर्ण जैविक घोषित करना है। उन्होंने कहा प्रदेश में जैविक उत्पाद परिषद कार्यरत है। देश–विदेश में उत्तराखंड के जैविक उत्पादों के विपणन के लिए मेले और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रदेश के कृषकों के जैविक उत्पादों के खरीदने के लिए बड़ी संख्या में खरीददार उत्तराखंड में आएंगे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मौके पर कृषि सचिव कृषि विनोद कुमार सुमन, एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव, उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के एमडी विनय कुमार, कृषि निदेशक केसी पाठक, उद्यान निदेशक दीप्ति सिंह आदि मौजूद थे।



## विभिन्न संगठनों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार** : शैल शिल्पी विकास संगठन, ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच, सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति और स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने 8 जनवरी को चीला हादसे में अपनी जान गंवाने वाले वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिमलचौड़ स्थित कर्मवीर जयानंद भारतीय पुस्तकालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि हादसे में वन विभाग ने अपने होनहार अधिकारियों को खो दिया, जो विभाग और कर्मचारियों के परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए भगवान से उनके परिवार को धैर्य बंधाने की प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विकास आर्य, प्रवेश नवानी, आरपी पंत, राजेंद्र सिंह नेगी, धनीराम टम्टा, केसीराम निराला, हर्ष कुमार, सतेंद्र खेतवाल और अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## जनता का शोषण कर रही भाजपा सरकार

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस प्रवक्ता हयात सिंह मेहरा ने कहा कि जनता अब केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है और कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता का शोषण कर रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होनें कहा है कि जनता नोटबंदी, जीएसटी व महंगाई सहित कई अन्य मुद्दों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है। प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन प्रदेश सरकार रोजगार के अवसर पैदा करने में विफल रही है। कहा कि जनता अब बेहतर भविष्य और सामाजिक सद्भाव की गांरटी देने वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है।

## दुर्घटना में युवक घायल

**कोटद्वार** : फतेहपुर-लैंसडौन के मध्य स्कूटी अनियंत्रित होने से खड्ड में गिर गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी विनोद रावत ने बताया कि सिरसू निवासी युद्धवीर सिंह गुरूवार देर शाम लैंसडौन की ओर से दुगड्डा जा रहा था। इसी दौरान क्षतिग्रस्त सड़क पर उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को खड्ड से बाहर निकाला और कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया।

## महिला ने सब्जी विक्रेता पर लगाया मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**कोटद्वार** : खूनीबड़ स्थित कृषि मंडी समिति में सब्जी खरीदने गई एक महिला ने सब्जी विक्रेताओं पर उससे मारपीट का आरोप लगाया है। कहा कि सब्जी विक्रेता ने चाकू दिखाकर उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी है। महिला ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है।

खूनीबड़ निवासी यशोदा देवी ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि शुक्रवार सुबह वह खूनीबड़ स्थित सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान एक सब्जी विक्रेता उनसे अभद्रता करने लगा।

विरोध करने पर उसके साथ मौजूद एक अन्य सब्जी विक्रेता ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। बताया कि घटना के दौरान उनके कान का कुंडल भी छिटककर कहीं खो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें सब्जी विक्रेताओं से बचाया।

बताया कि सब्जी विक्रेताओं ने उन्हें चाकू दिखाते हए जान से मारने की भी धमकी दी है। जिससे उनके परिवार में खौफ भी बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामले में दो सब्जी विक्रेताओं को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

# नवयुग और राइजिंगसन स्कूल की बालिकाओं ने वालीबॉल में दिखाया दमखम

## आईएचएमएस की ओर से अंतरविद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता का पहला दिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में तीसरा अंतर विद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता समारोह पूर्वक शुरु हो गई।

प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनूप सिंह नेगी (सेनि), पूनम नेगी और संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मेजर जनरल अनूप नेगी ने कहा कि खेल युवाओं में चरित्र का निर्माण करता है, आज युवा खेल में अपना सुनहरा भविष्य बना रहे हैं। संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की। आईएचएमएस के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का पहले दिन



खिलाड़ियों का परिचय लेते अतिथि

बालिका वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच शांतिबल्लभ मैमोरियल स्कूल और डेफोडिल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें डेफोडिल ने जीत दर्ज की। इसके बीच नॉक आउट के आधार पर विभिन्न विद्यालयों के बीच मैच हुए। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच डेफोडिल स्कूल और नवयुग स्कूल के बीच हुआ। जिसमें दोनों टीमों के बीच अंक के लिए कड़ा संघर्ष हुआ। जिसमें नवयुग की खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए डेफोडिल को 25-19 और 25-14 के सेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच राइजिंगसन स्कूल और डेफोडिल-बी टीम के साथ खेला गया। जिसमें राइजिंगसन स्कूल की खिलाड़ियों ने एक तरफा मुकाबले में डेफोडिल को 15-8 और 15-2 के सेट से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पवनीश चंदोला और सतेंद्र रावत ने रेफरी, जबकि विनय ध्यानी और अमित बडोला ने लाइनमैन की भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, क्रीडा समन्वयक पंकज कुकरेती, पीआरओ नरेश थपलियाल, प्रांजल रावत समेत सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# वन में फंसी सड़क, सात किलोमीटर पैदल चल रहे ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम काटल के लिए प्रस्तावित सड़क पिछले कई वर्षों से वन विभाग के पेंच में फंसी हुई है। नतीजा ग्रामीणों को मुख्य मार्ग रामणी से गांव तक पहुंचने के लिए सात किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ रही है। सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीण गांव से पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

गांव के दौरे में पहुंची ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा को ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत करवाया। बताया कि गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वन विभाग की एनओसी नहीं मिलने के कारण धरातल पर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ग्रामीण स्वयं को बाहरी दुनिया से कटा हुआ महसूस कर रहे हैं।

सबसे अधिक परेशानी बीमार व गर्भवती महिलाओं को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने में होती है। सड़क सुविधा के अभाव में लगातार गांव से पलायन हो रहा



दुगड्डा ब्लाक के अतर्गत ग्राम काटल में ग्रामीणों की समस्या सुनती ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा

है। वन विभाग ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने इस संबंध में जल्द ही वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। कहा कि ब्लाक क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए वह स्वयं गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रही हैं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र चौहान, ग्राम प्रधान दीपक नेगी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा रावत आदि मौजूद रहे।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हो कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के राम मंदिर पर दिए जा रहे बयानों पर रोष व्यक्त करते हुए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को प्रेषित ज्ञापन में परिषद ने कहा कि वर्तमान में स्वामी प्रसाद मौर्य अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण पर अनैतिक बयान दे रहे हैं। ऐसे बयान भविष्य में पार्टी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कहा कि इससे पूर्व सैनिकों की भावनाएं आहत हो रही हैं। इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पार्टी अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सुरेश रावत, बलवान सिंह, सीपी डोबरियाल और विनोद चंद्र ध्यानी आदि थे।

## कार्यक्रम 14 जनवरी को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कोटद्वार एवं पौड़ी कर्नल ओ. पी. फर्सवाण ने बताया कि 14 जनवरी को कोटद्वार के नगर निगम प्रेक्षागृह में 08वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग, नगर निगम कोटद्वार, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार और उपजिलाधिकारी कोटद्वार को समस्त तैयारियों को सम्पादित करने और आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिये हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में मीनाल रावत रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के कण्वघाटी स्थित शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मीनाल रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिविर के तीसरे दिन शिक्षकों ने स्वयं सेवियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजू कपरवाण ने बताया कि इस अवसर पर स्वयं सेवियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराने के बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया




जागरूकता रैली निकालते स्वयं सेवी

गया। प्रतियोगिता में स्वयंसेवी मीनल रावत ने प्रथम, प्रीति पटेल ने द्वितीय व सरगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात स्वयं सेवियों ने विद्यालय सेवित ग्राम उदयरामपुर, त्रिलोकपुर व कलालघाटी में जन जागरूकता रैली निकाली।

# स्वरोजगार से जुड़कर बेहतर भविष्य बनाए युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं से स्वरोजगार अपनाने की अपील की गई।

राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी कोटद्वार में देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत केन्द्र स्थापित किया जा चुका है। उक्त योजना के विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य, नोडल अधिकारी व प्राध्यापकों के मध्य कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल द्वारा राज्य सरकार की देवभूमि योजना पर प्रकाश डाला गया।



कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

सभी प्राध्यापकों को इस योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं में उद्यमिता का भाव जगाने हेतु योगदान देने को कहा। महाविद्यालय के उद्यमिता योजना नोडल अधिकारी डॉ. विनय देवलाल ने प्राध्यापकों को उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा निभाई जाने वाली मेंटर की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रत्येक विषय के प्राध्यापकों को अपने विषय से संबंधित क्षेत्र में उद्यमिता तथा उसे बढ़ाए जाने संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दिए जाने को कहा गया। प्राध्यापकों से इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु मेंटर के रूप में अपना सक्रिय योगदान देने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अरविंद सिंह, डॉ. भोलानाथ, अशोक कुमार मित्तल, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. कुमार गौरव जैन, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. उषा सिंह, मनीषा सरवालिया, गीता आदि मौजूद रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

## धार्मिक स्थलों पर निकाली जाएगी कलश यात्रा और झांकी, रिजॉर्ट-होटल्स में होगें दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनपद पौड़ी में 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने आगामी 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी, 2024 तक जनपद में आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा 03 फरवरी को जनपद में मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के आगमन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद/विकासखण्ड स्तर पर समितियों का गठन करते हुए धार्मिक स्थलों पर जनमानस की सहभागिता से कलश यात्रा व झांकियो का आयोजन किया जाए। उन्होंने पर्यटन विभाग को भी उनकी निगरानी में आने वाले रिजॉर्ट-होटल्स में भी दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजनीतिक पदाधिकारियों के साथ 14 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और आयोजनों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान महत्वपूर्ण सुझाव आंमत्रित किये गये। जिलाधिकारी ने जनपद के मठ/मंदिर, देवालयों, समस्त नदियों के किनारे स्नान घाटों में विशेष सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाने, समस्त नगर निकायों व जिला पंचायतीराज विभाग को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत इस अवधि में लगातार व्यापक साफ-सफाई बरतने तथा समस्त विभागों को अपने-अपने स्तर पर भी नियमित रूप से साफ-सफाई और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों तथा पदाधिकारियों को आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और हर्षोल्लास आयोजन में समाज के सभी वर्गों का प्रतिभाग करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों, स्वंय सहायता समूहों, योजनाओं के लाभार्थियों, स्कूली बच्चों, श्रमिकों सभी को दीपोत्सव और सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनवाने को कहा। जिलाधिकारी ने देवालयों, धारी देवी मंदिर, कण्वाश्रम क्षेत्र, देवप्रयाग तीर्थ स्थल, व्यासघाट, फलस्वाड़ी सीतामाता मंदिर आदि जगह मुख्य सांस्कृतिक और भजन-कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन करने तथा जनपद के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी यथासंभव दीपोत्सव और भजन कीर्तन का आयोजन करवाने को कहा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र थपलियाल, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, महामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, मण्डल अध्यक्ष क्रांति किशोर, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मयूर भट्ट सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## कांग्रेस को मजबूत करने का लिया संकल्प

**कोटद्वार** : कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बलबीर सिंह रावत, सांगठनिक जिला पौड़ी अध्यक्ष विनोद नेगी एवं अन्य पदाधिकारियों का पोखड़ा पहुंचने पर स्वागत किया गया।

पोखड़ा विकास खण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पोखड़ा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी बलबीर सिंह रावत ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन करना प्रत्येक पदाधिकारी की जम्मेदारी है। एक ओर जनता जहां बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व महिला अत्याचारों से त्रस्त है, वहीं भाजपा सरकारें लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़का कर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का कार्य कर रही है, इसलिए, देश इस समय कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही जनता के असली मुद्दों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रही है, इसलिए जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। इसलिए हमें पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में पोखड़ा ब्लाक अध्यक्ष अरुणोदय बिष्ट, प्रदेश महामंत्री महिला कांग्रेस पूनम कैंत्यूरा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत, राजेश भंडारी और मोहित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव 21 को

**कोटद्वार** : गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियर के चुनाव आगामी 21 जनवरी को होंगे। इससे पूर्व 13 से 18 जनवरी तक नामांकन प्रक्रिया होगी। जानकारी देते हुए यूनियन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक सदस्य कार्यालय में पहुंचकर नामांकन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए, परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।

## किसान हिमाचल में सीखेंगे कीवी उत्पादन के गुर

**पौड़ी** : उद्यान विभाग जिले में कीवी के उत्पादन में इजाफा कर रहा है। विभाग की ओर से किसानों को हिमाचल की सोलन यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। किसानों को हिमाचल में यह प्रशिक्षण 22 जनवरी से दिया जाएगा।

अभी कीवी मिशन के तहत कोट, बीरोंखाल पौड़ी आदि इलाकों में करीब 25 हेक्टेअर में किसान कीवी का उत्पादन कर रहे है। पौड़ी के जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि पौड़ी सहित कल्जीखाल, कोट और पाबौ आदि ब्लाकों के 30 किसानों को कीवी उत्पादन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण को हिमाचल भेजा जा रहा है। योजना के तहत 20 नाली रकबे में यदि किसान कीवी लगाता है तो 80 फीसदी की सब्सिडी मिल रही है। जो किसान प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे है उनमें दो-तीन किसान ऐसे भी है जो रिवर्स माइग्रेशन कर अपने गांव वापस आए है।

## साकनी बड़ी ने जीता क्रिकेट का खिताब

**पौड़ी** : राष्ट्रीय युवा दिवस एवं शहीद मनीष पटवाल (शौर्य चक्र विजेता) की स्मृति में कल्जीखाल ब्लाक के ग्राम डांगी की महिला मंगल दल की ओर से महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच साकनी बड़ी ने जीता। मैन ऑफ द मैच अंजली, मैन ऑफ द सीरीज काजल रही।

महिला मंगल दल अध्यक्ष नीतू लिंगवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन टीमों ने हिस्सा लिया। जिसके डांगी गांव ने सीधे क्वालीफाई किया। पहला मैच थापला और साकनी बड़ी के बीच हुआ। साकनी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का निर्णय लिया। थापला की टीम निर्धारित ओवरों में 30 रन ही बना पाई। साकनी बड़ी ने आसानी से जीत हासिल की। फाइनल मैच डांगी और साकनी बड़ी के बीच खेला गया।

# आखिरकार बेस अस्पताल की भूमि से हट ही गया अतिक्रमण

**श्रीनगर गढ़वाल** : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग अस्पताल बेस अस्पताल की जमीन पर विगत 15 सालों से अतिक्रमण चल रहा था जिसको लंबे समय से हटाया नहीं जा रहा था, किंतु विगत 5 सालों से मेडिकल कॉलेज प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कोशिश आखिरकार तहसील प्रशासन की मदद से पूरी हो पायी है।

जमीन पर अतिक्रमण होने से यहां प्रस्तावित सुपर स्पेशलिसट डॉक्टरों के आवास नहीं बन पा रहे थे। अब जमीन से अतिक्रमण हटने के बाद सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टरों के आवास बन पायेंगे। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की मदद से 15 साल पुराना अतिक्रमण हटवाया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल की करीब 400 वर्ग फुट से अधिक भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा किया था। जिससे कॉलेज प्रशासन फैकल्टी आवास नहीं बना पा रहा था। भूमि से अतिक्रमण हटने के बाद अब उक्त जमीन पर माननीय चिकित्सा स्वास्थ्य एंव चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की पहल पर सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टरों हेतु टाइप-5 क्वार्टरस बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत के सार्थक पहल पर ही सुपरस्पेशलिस्ट चिकित्सकों का वेतन 5-6 लाख प्रति माह "यू कोट वी पे" के तहत किया गया है ताकि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे ही सुपरस्पेशलिस्ट सेवायें क्षेत्र की आम जनता को विशेष रूप से प्राप्त हो सके। (एजेंसी)

## नगर निगम ने 22 लोगों के काटे चालान

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम श्रीनगर ने गुरुवार को नगर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नालियों और पटरियों व पॉलिथिन रखने पर दुकानदारों के चालान काटे गये। नगर निगम के सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि गुरुवार को पीपलचौरी से गणेश बाजार, वीरचंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, काला रोड, अपर बाजार होते हुए बदरीनाथ राजमार्ग तक अभियान चलाया गया। इस मौके पर पॉलिथिन रखने पर 6 दुकानदारों का चालान किया गया। जबकि नालियों और पटरियों पर अतिक्रमण करने पर 6, सडकों पर कूड़ा फैलाने वालों पर 5 और सीएनडी वेस्ट मैटिरियल (घरों का मलबा) सड़कों पर फैलाने पर 5 लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि चालानी कार्यवाही कर 7 हजार रूप का अर्थदंड वसूला गया है। साथ ही अभियान लगातार जारी रहेगा। (एजेंसी)

# युवा अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानें : पोरी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जयन्त नेहरू युवा केन्द्र, पौड़ी गढ़वाल द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभारंभ ब्लॉक सभागार, पौड़ी में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचाने साथ ही उसी दिशा में लक्ष्य निर्धारित कर अपना भाविष्य निर्धारित कर सफलता को प्राप्त करने के निरंतर प्रयास करते रहे, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाने की बात भी युवाओं से कही।

मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश जुगरान ने युवाओं से आवाह्न करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत के लोगों का ही नहीं पूरी मानवता का गौरव बढ़ाया है युवाओं को राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर देश के विकास में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए लेखा कार्यक्रम एवं पर्यवेक्षक अंजना बिष्ट ने कहा कि पूरे सप्ताह जपनद के विभिन्न ब्लॉकों में सांस्कृतिक दिवस, समाज सेवा दिवस, प्रतिभागिता दिवस, कौशल विकास दिवस आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस मौके पर नेहरू युवा मण्डल सिविल लाइन, बीजीआर कैम्पस, पौड़ी तथा पराज इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस के युवाओं द्वारा उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन मदन मोहन नौटियाल प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज परसुण्डाखाल ने किया। कार्यक्रम में दिनेश नेगी सहायक खण्ड विकास अधिकारी, संग्राम सिंह नेगी प्रवक्ता, होमगार्ड विभाग से सुदर्शन सिंह, सुशील, सिंह, गौरव रावत सुभाष रावत, स्वयं सेवी ज्योति, शालिनी, पारस, अमित बड़थ्वाल, अमन नयाल, सुधाशु नौटियाल, कामिनी बिष्ट, सोहन आदि उपस्थित रहे।



# मुन्नी चौहान अध्यक्ष तो मीना संगीता बनी उपाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अभ्युदय परिवार द्वारा असनखेत शाखा का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी चौहान, उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, संगीता रावत, कोषाध्यक्ष सोनिया रावत, बीना रावत, सचिव सीता देवी, सोनू देवी, संरक्षक कुसुम रावत, सुमन लता को चुना गया।

संयोजिका भावना वर्मा ने कहा संस्था का उद्देश्य क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों को शहरी क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा का विकास करना है। अभ्युदय परिवार ने अभी तक पालकोट, जयहरीखाल, डेरियाखाल में अपनी इकाई का गठन कर लिया है। शीघ्र ही बस्वार, गोयू, जड़याना, धौलखेत में इकाई गठित करेगा। सविता रावत, सरोज रावत, शांति गुसाईं ने अपने विचार रखे। इस मौके पर शांति गुसाईं, नीलम, सोनिया, हेमलता, देवेश्वरी, वीरा देवी, शकुन्तला देवी, शोभा देवी, वन्दना देवी, सन्तोषी देवी, पुष्पा देवी, रेखा देवी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शांति गुसाईं ने किया।



## मतदाता फार्म जमा कराने की तिथि बढ़ाने की मांग

**श्रीनगर गढ़वाल** : आरटीआई एवं आरटीई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से मतदाताओं को फार्म जमा करने की समय सीमा बढ़ाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में कुशलानाथ ने कहा कि 13, 14, 15 जनवरी को राजकीय अवकाश होने के कारण छूटे हुए मतदाताओं का फार्म जमा नहीं हो पायेंगे। उन्होंने छूटे हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्डों के बीएलओ को कार्यालय में बैठने के निर्देश दिये जाने, कूड़ा वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और मतदाताओं के फार्म जमा करने की समय सीमा बढ़ाये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

# मशरूम उत्पादन काश्तकारों के लिए साबित हो रहा संजीवनी





## तीन माह में काश्तकारों ने तीन लाख से अधिक आय की अर्जित

चमोली : चमोली जनपद में उद्यान विभाग की ओर से जिला योजना के माध्यम से किया जा रहा मशरूम का उत्पादन काश्तकारों के संजीवनी साबित हो रहा है। जिले में विभाग की ओर से 37 काश्तकारों और सात महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। काश्तकारों के अनुसार तीन माह में उन्होंने करीब 1300 किलोग्राम मशरूम का उत्पादन कर तीन लाख से अधिक की आय अर्जित कर ली है।जिला उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि बीते अक्टूबर माह में जिला योजना से 50 प्रतिशत की सब्सिडी पर 37 काश्तकारों व सात महिला समूहों को 130 कुंतल खाद और बीज उपलब्ध करवाया गया। जिसके बाद काश्तकारों को मशरुम उत्पादन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया वर्तमान तक योजना के अनुसार कार्य कर रहे काश्तकार करीब 13 सौ किलोग्राम मशरूम का विपणन कर तीन लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुके हैं। (एजेंसी)

### क्या कहते हैं काश्तकार

गोपेश्वर के नैग्वाड़ क्षेत्र में महिला समूह की सदस्य नंदी राणा ने बताया कि उन्होंने विभागीय योजना का लाभ लेते हुए मशरुम का उत्पादन किया जा रहा है। जिससे समूह ने 30 हजार की शुद्ध आय अर्जित कर ली है।

रौली गांव की लक्ष्मी देवी का कहना है कि मशरूम की खेती कम मेहनत में बेहतर व्यावसायिक लाभ देने वाली फसल है। बताया कि अक्टूबर माह से वर्तमान तक वह करीब 40 हजार की मशरुम का विपणन कर चुके हैं।

### कैसे की जाती है मशरूम की खेती

मशरूम की खेती की ठंडे कमरे के साथ ही स्टैंड की जरुरत होती है। जिसमें बैग तैयार कर उसमें बीज डालकर सुगमता से मशरूम का उत्पादन किया जा सकता है। मशरूम उत्पादन के लिए धूप और ऊष्मा की आवश्यकता नहीं होती।

# कुली बेगार प्रथा का आंदोलन हमेशा रहेगा याद





रुद्रप्रयाग : जनपद के ककोड़ाखाल में कुली बेगार प्रथा के विरोध की 103वीं वर्षगांठ पर ग्राम पंचायत नाग-ककोड़ाखाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर ककोड़ाखाल आंदोलन के नायक गढ़केशरी स्व. अनसूया प्रसाद बहुगुणा सहित अन्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही ककोड़ाखाल आंदोलन को उत्तराखंड के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की गई। इस मौके पर स्कूली बच्चों के साथ ही महिला मंगल दलों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। शुक्रवार को जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ककोड़ाखाल में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी मौजूद थे। सबसे पहले मुख्य अतिथि और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। विधायक चौधरी ने कहा कि ककोड़ाखाल में कुली बेगार प्रथा का आंदोलन इतिहास में दर्ज है। यह कभी न भुलाए जाने वाला आंदोलन है। यहां के विकास और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। बता दें कि 12 जनवरी 1921 को ही दशजूला क्षेत्र के ककोड़ाखाल में असहयोग आन्दोलन ने तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर मेसन और उनकी टीम को बेगार के बदले भारी जन विरोध का सामना करने को मजबूर किया और उन्हें ककोड़ाखाल से रातोंरात भागना पड़ा। इसके बाद तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ने सरकार को सूचित किया कि अब गढ़वाल में बेगार नहीं मिल पाएगी। वक्ताओं ने कहा कि कुली बेगार प्रथा को खत्म करने के लिए अनसूया प्रसाद बहुगुणा के नेतृत्व में ककोड़ाखाल से पहली आवाज उठी थी। आजादी से पूर्व गढ़वाल का यह पहला स्वतंत्रता आंदोलन था, जो कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। नई पीढ़ी को भी आंदोलन के प्रति जानकारी देने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने ऐसे करीब 60 आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा देने और भव्य स्मारक निर्माण की मांग की। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर सिंह बिष्ट ने किया।

## पिंडर घाटी के जंगलों में आग से वन संपदा राख

चमोली : मध्य पिंडर रेंज थराली के गोठिंडा, जूनिधर के जंगलों में अचानक आग लगने से कई हेक्टेयर वन संपदा जलकर स्वा हो गई है और वन्य जीवों के जीवन पर भी संकट छा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीमें लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन चीड़ का जंगल और खड़ी ढलान होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग गोठिंडा की ओर से कुनी के जंगलों में प्रवेश कर गई है। मध्य पिंडर रेंज थराली के वन क्षेत्राधिकारी हरीश थपलियाल ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाई जा रही है, जिनकी पहचान के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। चीड़ का जंगल और तीव्र ढलान होने के कारण आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया गोठिंडा और जूनिधर के जंगलों की आग बुझा ली गई है और देर शाम तक कुनी के जंगलों की आग पर भी काबू पा लिया जाएगा। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 265-DRM-MB-23-24 Date 11.01.2024 |
| कार्य का नाम | Housekeeping and maintenance of officer's rest house at Dehradun, Haridwar, Rishikesh and Roorkee under DEN-I/MB. |
| निविदा का प्रकार | सर्विस |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.01.2024 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 1, 24, 30,531.76 |
| धरोहर राशि | 2 12,200.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | 5000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.01.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

टेन्डर न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 11.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 142/24


# चप्पू पैडल बोटों के संचालन की अनुमति न मिलने पर भड़के संचालक

नई टिहरी : मीणों ने कोटी कॉलोनी स्थित गदेरे में चप्पू पैडल बोटों संचालन की अनुमति नहीं मिलने पर रोष जताया। ग्रामीणों ने जल्द इस गदरे में चप्पू पैडल बोट के संचालन की अनुमति नहीं दिये जाने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को टिहरी बांध प्रभावित तिवाड़ गांव के ग्रामीणों ने डीएम को भेंटकर टिहरी बांध की झील से लगे कोटी कॉलोनी और तिवाड़ गांव के गदरे में चप्पू पैडल बोट संचालित करने की अनुमति की मांग उठाई। उत्तरायणी भागीरथी समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार ने कहा कि बीते वर्ष फरवरी माह में सीएम धामी ने तिवाड़ गांव आये थे, रात्रि बासा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सीएम से तिवाड़ गांव से लगे कोटी कॉलोनी गदेरे में चप्पू पैडल बोट संचालन की मांग की थी, मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को अनुमति प्रदान करने को विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये थे, लेकिन पर्यटन विभाग की त्रुटि के कारण अब तक उक्त गदेरे में चप्पू पैडल बोटों के संचालन की अनुमति नहीं मिल पाई है।

उन्होंने बताया ग्रामीणों और अन्य लोगों द्वारा 16 चप्पू पैडल बोट खरीद गई है, लेकिन संचालन की अनुमति न दिये जाने के कारण कई बोटों में खराबी भी आ चुकी है। बोटों के संचालन की अनुमति न मिलने के कारण बेरोजगार युवाओं को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। कहा जल्द बोटों के संचालन की अनुमति नहीं मिलती है, तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे। मांग करने वालों में सचिव दिनेश पंवार, बालम सिंह, नरेन्द्र रावत, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, दिलबर सिंह पंवार, केसर सिंह, साब सिंह, आशीष डंगवाल, गबर सिंह, नितिन कंसवाल, सौरभ पंवार, जगदेई देवी, ममता पंवार, विरेंद्र सिंह, मीना देवी, विनोद पुंडीर आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## आंखों की बीमारी से जूझ रही गाय को मिला जीवन दान

नई टिहरी : बीते तीन महीनों से आंखों की बीमारी से बेहाल बेसहारा गाय को आखिर जीवन दान मिल गया। देवप्रयाग में इलाज न होने पर गाय को श्रीनगर भेजा गया। तीर्थनगरी देवप्रयाग में आंखों की बीमारी से बेहाल एक गाय की स्थिति यहां तक पहुंच गयी की उसकी आंख से हर जगह खून टपकने लगा। जिस पर कुछ गो सेवकों ने उसकी वेदना को समझ उसका इलाज करवाने की ठान ली। स्थानीय पशु चिकित्सक ने गाय की आंख की सफाई कर कीड़े तो निकल लिए मगर जल्दी ऑपरेशन कराने की बात कही। गाय का जीवन बचाने को क्षेत्रीय विधायक विनोद कण्डारी से अनुरोध किये जाने पर उन्होंने डीएम से पीड़ित गाय को ऋषिकेश भेजने को कहा। मगर दो दिनों तक कोई कार्रवाई न होने पर गो सेवकों ने पशुप्रेमी आंचल से सम्पर्क किया। आंचल ने श्रीनगर स्थित गौसेवा संवर्धन समिति से सम्पर्क किया। वहीं एसडीएम सोनिया पंत ने नगर पालिका के वाहन से पीड़ित गाय को श्रीनगर भिजवाने का इंतजाम किया। जहां उसकी आंख का आपरेशन कर नया जीवन दान दिया गया। देवप्रयाग स्थित गौशाला संचालकों द्वारा पीड़ति गाय की अनदेखी पर तीर्थवासियों ने रोष जताया है। (एजेंसी)

### कोटेश्वर महादेव मेला 14 से

नई टिहरी : श्री कोटेश्वर पर्यटन विकास मेला समिति की ओर से नरेन्द्रनगर के चाका कस्बे में 14 जनवरी (रविवार) से सात दिवसीय प्रसिद्ध कोटेश्वर महादेव पर्यटन विकास मेला आयोजित होगा।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 31.01.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 30.01.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 25/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत कोटद्वार अनुभाग में लाइन शिफ्ट का कार्य। | 10000.00 |
| 26/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत दुगड्डा अनुभाग के विभिन्नो ग्रामों में क्षतिग्रस्त एबी केबिल बदलने का कार्य। | 20000.00 |
| 27/ 2023-24 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड तृतीय जयहरीखाल के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक: 73/विविखको/टी-6 दिनांक: 12.01.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)

## सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार मुक्त भर्तियों की चुनौती

उत्तराखंड में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार विभिन्न विभागों में नियुक्तियों को लेकर एक वृहद योजना पर काम कर रही है। शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य में युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा विभाग में ही वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभिन्न संवर्ग के दस हजार पदों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। यह भर्तियां राज्य सरकार के उसे घोषणा पत्र के भी अनुरूप मानी जा रही है जिसमें चुनाव से पूर्व प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था चाहे किसी भी स्तर पर हो लेकिन यही एक विभाग है जिसमें युवाओं का सर्वाधिक रुझान देखा गया है।उत्तराखंड में विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत बेसिक से लेकर माध्यमिक तक लगभग दस हजार पद रिक्त हैं जिनको वित्तीय वर्ष 2024–25 में भरने का सरकार लक्ष्य रख रही है। अकेले भारत सरकार के सहयोग से संचालित समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न श्रेणी के 1580 रिक्त हैं, माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत भी प्रवक्ता व सहायक अध्यापक एलटी के अधियाचन आयोग को भेजा जा चुका है, जिन पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू होनी है। प्राथमिक शिक्षा में भी तीन हजार से अधिक प्राथमिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। चतुर्थ श्रेणी के लगभग ढाई हजार पदों पर आउट सोर्स के माध्यम से भर्ती करने का लक्ष्य है। उत्तराखंड में एक लंबे समय से शिक्षा विभाग में भर्ती की प्रतीक्षा की जा रही है जो शायद अब राज्य सरकार के प्रयासों से पूरी होने जा रही है। पिछले दिनों विभिन्न विभागों में हुई भर्तियों को लेकर जिस प्रकार का घोटाला व गड़बड़ी सामने आई थी उसके बाद राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग इन भारतीयों को लेकर ठोस रणनीति के तहत काम करेगा एवं पूरी तरह से पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को अपनाने की तैयारी की जा रही है।

अगले कुछ महीनो में अगले कुछ महीनो में लोकसभा चुनाव भी होने वाले हैं जिसे देखते हुए भारतीय जनता पार्टी अपने वादों को पूरा करने की अपनी गारंटी के तौर पर युवाओं को दिए गए रोजगार के वादे को पूरा करने की अपनी बात को रखने से पीछे नहीं हटेगी। हालांकि इन भर्तियों में अभी कितना समय लगता है यह तय नहीं है लेकिन यदि सरकार चुनाव से पूर्व न केवल इन भारतीयों को बल्कि विभिन्न विभागों में खाली पड़ी रिक्तियों में प्रदेश के मूल निवासियों को रोजगार देने का अपना लक्ष्य पूरा करती है तो निश्चित तौर पर इसका लाभ भी चुनावों में उठाने का प्रयास किया जाएगा। निश्चित तौर पर भाजपा सरकार भर्तियों का पिटारा खोल कर प्रदेश के युवाओं को आगामी संसदीय चुनावों को देखते हुवे अपनी ओर रिझाने का भी काम कर रही है। अब चुनाव नजदीक है तो निश्चित तौर पर चुनावों से पूर्व शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभागों में भी बंपर भारतीयों का पिटारा खुलने वाला है।

# विपक्ष को अभी बहुत काम करना है!

**अजीत द्विवेदी,**

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां धीरे धीरे सदमे से उबर रही हैं। हिंदी भाषी तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार ने सिर्फ कांग्रेस का मनोबल नहीं तोड़ा था, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दूसरे घटक दलों का भी हौसला टूट गया था। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के तेवर बदल गए। कहीं कांग्रेस को आंख दिखाई जाने लगी तो कहीं कांग्रेस का स्वागत होने लगा। ऐसा होने के दो कारण हैं। या तो विपक्षी पार्टियों ने मान लिया है कि भाजपा से मुकाबला मुश्किल हो गया और अब उसे हराया नहीं जा सकता है। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी इस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करती है। भले नीतीश का अंतिम फैसला कुछ भी हो लेकिन उनकी पार्टी के नेता मान रहे हैं कि भाजपा से लड़ने की बजाय उसके साथ चलना चाहिए। दूसरी ओर जिनको कांग्रेस की जरुरत महसूस होने लगी है उसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं तो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हैं। दोनों तालमेल के लिए तैयार दिख रहे हैं और सीट बंटवारे को लेकर हुई पहली बैठक से यह साफ भी हो गया है।



बहरहाल, तीन राज्यों में कांग्रेस की हार ने विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया में भाजपा विरोधी पूर्व नौकरशाहों, पूर्व पत्रकारों, सामाजिक विचारकों आदि को किस तरह से प्रभावित किया है और कैसे विपक्ष के तमाम फ्रीलांस समर्थक चूहों की तरह विपक्षी जहाज से कूदने लगे हैं वह अलग चर्चा का विषय है। अभी जो विपक्ष एकजुट है और अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की तैयारी कर रहा है उसे बहुत काम करने होंगे। सबसे अहम काम एक मजबूत व भरोसे का गठबंधन बनाना है, जिसमें सीटों का तालमेल इस तरह से हो कि उस पर कोई विवाद न रहे। यह सबसे अहम काम है क्योंकि अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा नही होता है तो जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं को गठबंधन के उम्मीदवारों का दिल से साथ देने के लिए तैयार करना मुश्किल हो जाएगा। अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा होता है और यह मैसेज बनता है कि सबके लिए विन–विन सिचुएशन है यानी साथ मिल कर लड़ने से सब फायदे में रहेंगे तो कार्यकर्ता जुड़ेंगे और मेहनत करके चुनाव लड़ेंगे। सो, भरोसे का गठबंधन और वस्तुनिष्ठ आकलन के साथ सीटों का बंटवारा पहला काम है, जिसे विपक्षी पार्टियों को तय समय सीमा के भीतर कर लेना चाहिए।

इसके बाद गठबंधन का नेतृत्व करने वाले चेहरे का मामला है। विपक्षी गठबंधन की दिल्ली में हुई चौथी बैठक में सबको हैरान करते हुए ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम का प्रस्ताव रख दिया था। उन्होंने खड़गे को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने की बात कही, जिसका समर्थन अरविंद केजरीवाल ने किया। इससे गठबंधन के अंदर विभाजन और भरोसे का संकट दिखा। इसके तुरंत बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेवर दिखाए और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुला कर खुद पार्टी के अध्यक्ष बन गए। 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत बनाने और भाजपा विरोधी नैरेटिव का चेहरा बने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को उन्होंने अध्यक्ष पद से हटा दिया। अब उनकी पार्टी के नेता मांग कर रहे हैं कि संयोजक के साथ साथ नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का दावेदार भी बनाया जाए। खड़गे ने हालांकि बैठक में ही ममता के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था लेकिन ममता ने वह राग बंद नहीं किया है। उनको कांग्रेस से तालमेल करने में परेशानी हो रही है पर कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने का सुझाव दे रही हैं। इससे अपने आप उनका विरोधाभास जाहिर होता है। सो, कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को गठबंधन के चेहरे के बारे में फैसला करना है। एक सुनियोजित रणनीति बनानी होगी और उसके साथ जनता के बीच जाना होगा। अगर यह फैसला होता है कि बिना किसी चेहरे के और सामूहिक नेतृत्व में विपक्ष लड़ेगा तो इसके सभी पहलुओं पर विचार करना होगा ताकि जनता के बीच जाने पर किसी तरह का कंफ्यूजन न रहे और न कोई विरोधाभास दिखे।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तैयार किए गए चुनावी विमर्श का जवाब देने की रणनीति बनानी होगी। मोदी के चुनावी विमर्श में हिंदुत्व का मुद्दा प्रमुख है, जिसका प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर है। इसका उद्घाटन 22 जनवरी को होगा और उसके बाद भाजपा पूरे देश से रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। सो, हिंदुत्व और राममंदिर के चुनावी विमर्श का विपक्ष को कैसे मुकाबला करना है इसकी रणनीति जल्दी से जल्दी बनानी होगी। अभी सभी पार्टियां अपने अपने हिसाब से इस मसले से निपटने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस नेता अयोध्या नहीं जा रहे है पर उत्तर प्रदेश में जहां यह कार्यक्रम हो रहा है वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने यह स्टैंड लिया है कि जब रामजी बुलाएंगे तो जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनको न्योता नहीं मिला है।

उधर मुंबई में उद्धव ठाकरे 22 जनवरी को नासिक जाएंगे और राममंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। क्या यह अच्छा नहीं होता कि जिन विपक्षी पार्टियों के नेताओं को नहीं बुलाया गया है वे सभी 22 जनवरी को भगवान राम के किसी दूसरे प्रसिद्ध मंदिर में जाकर पूजा करते? उस दिन सब कोऑर्डिनेटेड तरीके से अलग अलग मंदिरों में भी जा सकते हैं। कुछ भी करके विपक्षी पार्टियों को व्यापक हिंदू समाज में यह संदेश देना चाहिए कि वे अयोध्या में राममंदिर निर्माण से खुश हैं और हिंदू धर्म के इस गौरवपूर्ण क्षण में उनके साथ हैं।

हिंदुत्व और मंदिर के अलावा मोदी के चुनावी विमर्श में राष्ट्रवाद एक बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इसके साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास, गरीब कल्याण, लाभार्थी आदि के नैरेटिव को भी शामिल किया है। विपक्ष को इसका जवाब भी खोजना होगा। नरेंद्र मोदी द्वारा सेट किए गए एजेंडे के बरक्स एक वैकल्पिक एजेंडा तय किए बगैर चुनाव एकतरफा हो जाएगा। विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास होता है कि विकास और आम लोगों की भलाई के मुद्दे पर सरकार को विफल करार दिया जाए। वह प्रयास जारी रखते हुए विपक्ष को अपना एक मॉडल पेश करना होगा और उसे ऐसे पेश करना होगा कि जनता उस पर भरोसा करे।ध्यान रहे नरेंद्र मोदी को जिन लोगों ने दो चुनावों में वोट किया है उनका वोट तोड़ना मुश्किल है। वह वोट ज्यादा मजबूती से मोदी के साथ जुड़ा है। लेकिन जिसने पहले मोदी को वोट नहीं किया है या जो लोग पहली बार वोट करेंगे या जो नए लोग मतदान करने जाएंगे उनका वोट अपनी ओर करने का प्रयास विपक्ष को करना चाहिए। इसके लिए एक तरीका तो वह है, जिसे आजमाने की बात सब कर रहे हैं। अगर अधिकतर सीटों पर भाजपा बनाम विपक्ष का मुकाबला हो यानी वन ऑन वन मुकाबला बने तो अपने आप विपक्ष का वोट एकजुट होगा। लेकिन इसके लिए उन मतदाताओं को अपने एजेंडे और विकास के रोडमैप से यह भरोसा भी दिलाना होगा कि वह विपक्ष के उम्मीदवार को वोट करके गलती नहीं कर रहा है।

# दावे भी तो ऐसे!

यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के ॅ अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट ऐसे दावे किए हैं, जिनकी तुलना सिर्फ हवा में उड़ाए गए गुब्बारों से की जा सकती है।

एसबीआई का दावा है कि भारत में हाल के सालों में आर्थिक असमानता घटी है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर क्षेत्र में खुशहाली का आलम है। एसबीआई ने असमानता का अनुमान लगाने के लिए आयकर डेटा का इस्तेमाल किया है। और इन आंकड़ों के आधार पर सारे देश की माली हालत का अंदाजा लगा लिया गया है। जबकि देश में केवल आठ करोड़ लोग आयकर रिटर्न फाइल करते हैं। उनमें से भी चार करोड़ शून्य रिटर्न फाइल करते हैं– यानी वे एक पैसा इनकम टैक्स नहीं देते। तो बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो वास्तव में इनकम टैक्स दे रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भारत की कुल आबादी में सिर्फ लगभग दो फीसदी बैठती है। एसबीआई के विशेषज्ञों ने सिर्फ उनके आधार पर आर्थिक गैर–बराबरी के घटने का दावा कर दिया गया है।

जबकि इनकम टैक्स डेटा के आधार पर आर्थिक गैर–बराबरी के बारे में शायद ही कुछ कहा जा सकता है। इसलिए कि यह डेटा कुल आबादी के बहुत छोटे हिस्से से संबंधित है। पहली बात तो इनसे धनी लोगों की ब्लैक मनी से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिलती। दूसरी तरफ आबादी के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से के बारे में इनसे कोई सूचना नहीं मिलती। कुल आबादी की आमदनी और उपभोग के आंकड़ों के आधार पर हुए कई हालिया अध्ययनों से देश में लगातार बढ़ती जा रही विषमता की पुष्टि हुई है। उनके आधार पर ही यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के ॅ अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं। मसलन, एमएसएमई (सूक्ष्म– लघु– मध्यम उद्यम) क्षेत्र में कारोबार इसलिए घटा है, क्योंकि वैसी कंपनियां ब्रांड चेन के माध्यम से बड़ी कंपनियां में बदल गईं हैं। और यह कि कि लोग ग्रामीण इलाकों में दोपहिया वाहनों को छोड़कर कार खरीद रहे हैं, इसलिए दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है।

# हेडलाइन ही मकसद है

हेडलाइन बनी कि इस वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था की प्रतिष्ठा बरकरार रखेगी। लेकिन इस सुर्खी के नीचे के विस्तार पर गौर करें, तो इस हेडलाइन से पैदा हुआ सुखबोध जल्द ही गायब हो जाता है।

आज के सत्ता पक्ष के कर्ता–धर्ताओं की सारी चिंता हेडलाइन मैनेज करने की होती है, इसलिए अगर सुखद सुर्खियां बन जाएं, तो उनका काम बन जाता है। इसलिए मुख्यधारा चर्चा में सुर्खियों के नीचे छिपी सूचनाएं शायद ही कभी चर्चा का विषय बनती हैं।

वर्ष 2023–24 के बारे में राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) के हाल में जारी अनुमान के साथ भी यही हुआ है। हेडलाइन बनी कि इस वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगी और इस तरह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था की प्रतिष्ठा बरकरार रखेगी। लेकिन इस सुर्खी के नीचे के विस्तार पर गौर करें, तो इस हेडलाइन से पैदा हुआ सुखबोध जल्द ही गायब हो जाता है। तब ध्यान इस पर जाता है कि इस वृद्धि दर का सबसे बड़ा हिस्सा सरकारी खर्च से आएगा, निजी क्षेत्र के निवेश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, निजी उपभोग में वृद्धि की दर 20 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है और राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।कृषि, पशुपालन, वन क्षेत्र और मछली कारोबार में इस वित्त वर्ष में सिर्फ 1.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि होगी, जबकि ये क्षेत्र आज भी देश में सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाते हैं। देश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान करने वाले सेवा क्षेत्र का हाल भी बेहतर नहीं है। इस क्षेत्र में बड़ा योगदान करने वाले– होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण क्षेत्र की विकास दर गिर कर आधी (6.3 प्रतिशत) रह जाएगी। जहां तक हेडलाइन की बात है, तो हाल में अक्सर ऐसा देखा गया है कि जब असल आंकड़े आते हैं, तो उनमें नकारात्मक संशोधन करना पड़ता है। मान लें कि इस बार ऐसा नहीं होगा।




तब भी यह हेडलाइन अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर का प्रतिबिंब नहीं है। बहरहाल, यह हकीकत तब मायने रखती, अगर सत्ता के सवोच्च स्तरों पर चिंता अर्थव्यवस्था को सचमुच गुलाबी रंग देने की होती। फिलहाल, रुझान नकारात्मक से नकारात्मक कहानी के बीच कुछ सकारात्मक ढूंढ लेने का है, ताकि आबादी के एक बड़े हिस्से में सब कुछ ठीक दिशा में होने का यकीन बना रहे।

## सीरिया में अमेरिकी अड्डे पर दागी गयीं मिसाइलें

**दमिश्क ,एजेंसी।** पूर्वोत्तर सीरिया के हसाकाह प्रांत के अल–शद्दादी शहर में एक अमेरिकी अड्डे पर चार मिसाइलें दागी गयी हैं। अल–शद्दादी अड्डे पर चार मिसाइलें दागे जाने के बाद विस्फोट की आवाजें सुनी गयीं। गौरतलब है कि हमास और इजरायल के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से इराक में अंतराष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने वाले अमेरिका के ठिकानों, साथ ही सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर नियमित रूप से हमले किए गए हैं। इराक में सक्रिय सशस्त्र शिया समूह हमलों की जिम्मेदारी लेते हैं। अमेरिकी सेना पूर्वी और उत्तर–पूर्वी सीरिया में डेर एज़–ज़ोर, हसाका और रक्का प्रांतों को नियंत्रण करती है, जहां सीरिया के सबसे बड़े तेल और गैस क्षेत्र स्थित हैं।

## किशोरों के बीच सच्चे प्यार को कानून की कठोरता से नियंत्रित नहीं किया जा सकता : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति के खिलाफ अपहरण और बलात्कार के मामले को खारिज कर दिया है, जो नौ साल पहले एक लड़की के साथ भाग गया था, जब वह नाबालिग था। अदालत ने कहा कि किशोरों के बीच सच्चा प्यार को कानून की कठोरता या सरकार की कार्रवाई से नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने एक किशोर जोड़े के खिलाफ राज्य या पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराने में अदालतों के सामने आने वाली दुविधा पर गौर किया, जिन्होंने एक–दूसरे से शादी की, शांतिपूर्ण जीवन जी रहे थे और कानून का पालन करते हुए परिवार का पालन–पोषण कर रहे थे। अदालत ने उस नाजुक संतुलन पर जोर दिया जो संवैधानिक अदालतों को कानून के सख्त कार्यान्वयन और समाज और व्यक्तियों पर ऐसे निर्णय के नतीजों के बीच बनाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि वर्तमान जैसे मामलों में अदालत के समक्ष व्यक्तियों और समग्र रूप से समाज पर फैसले के प्रभाव पर विचार करना शामिल है। इस विशेष मामले में अदालत ने उस व्यक्ति के खिलाफ लड़की के अपहरण और बलात्कार के लिए दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया, जिसने घटना के समय वयस्क होने का दावा किया था। इसमें कहा गया है कि अगर एफआईआर रद्द नहीं की गई, तो इससे दंपति की दो बेटियों के भविष्य पर असर पड़ेगा, जिससे प्रभावी और वास्तविक न्याय विफल हो जाएगा।

भागे हुए जोड़े ने मुस्लिम रीति–रिवाजों के अनुसार शादी कर ली और लगभग नौ वर्षों से खुशी–खुशी अपने बच्चों का पालन–पोषण कर रहे हैं। अदालत ने न केवल कानून, बल्कि समाज की गतिशीलता को समझने में न्यायपालिका की भूमिका को रेखांकित किया। इसमें कहा गया है कि अदालत की भूमिका कानूनों को लागू करने और उनकी व्याख्या करने से परे फैली हुई है, जिसमें व्यक्तियों और बड़े पैमाने पर समुदाय पर उसके निर्णयों के निहितार्थ की समझ शामिल है।

## दो बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म : लापरवाही के आरोप में पटना के एसआई निलंबित

**पटना ,एजेंसी।** पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन के एक सब–इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया।महादलित समुदाय की 8 और 13 साल की दो लड़कियां खाना पकाने के लिए लकड़ी इक्का करने गईं और गायब हो गईं। उनके परिवार के सदस्यों ने उसी दिन पुलिस स्टेशन से संपर्क किया, लेकिन सब इंस्पेक्टर ने उन्हें खुद ही तलाश करने को कहा।अगले दिन, पीड़ित बच्चियों को फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन के तहत हिंदुनी गांव के पास एक गड्ढे में लावारिस पाया गया।

8 साल की बच्ची मृत पाई गई, जबकि दूसरी बेहोश पाई गई और उसे एम्स–पटना में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब स्थिर है।

# राम मंदिर: अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने का इंतजाम करेगी सरकार, होटल के दामों पर होगा नियंत्रण




**लखनऊ , एजेंसी।** 22 जनवरी को श्रीरामलला अपने दिव्य–भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने–खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन–प्रशासन स्तर पर फिलहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा बैठकों में साफ–सफाई, आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक–चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला–गेस्ट हाउस, होम स्टे–पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी–आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला–गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन–पूजन कर सकते हैं।

होम स्टे–पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलवक्त यहां 570 संपत्तियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। प्रति होम स्टे में चार कमरे और दो पीपीआर (पर्सन पर रेशियो) के हिसाब से प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। फिलहाल सरकारी स्तर पर 200–200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5100 व्यक्ति यानी कुल 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं डॉरमेट्री की व्यवस्था के अनुरूप तीन व्यावसायिक संकुल में प्रस्तावित डॉरमेट्री में 700 बेड्स की व्यवस्था सुचारू रूप से की हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दिनों अयोध्या आए थे। यहां कई टेंट सिटी के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने यह निर्देश दिया था कि यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होगी, लिहाजा होमस्टे–पेइंग गेस्ट और टेंट सिटी बढ़ाई जाए। सीएम ने प्रशासनिक स्तर पर की जा रही व्यवस्था के अलावा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अन्य आनुसांगिक संगठनों की तरफ से हो रही व्यवस्था में भी और वृद्धि करने का आग्रह किया था। प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था में और वृद्धि होगी।

# भारतीय वायुसेना के मालवाहक विमान का मलबा मिला

## आठ साल पहले बंगाल की खाड़ी में हुआ था गायब, सवार थे 29 लोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब साढ़े सात साल बाद भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक मालवाहक विमान का मलबा मिला है। यह मलबा बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किलोमीटर की गहराई पर पाया गया। 22 जुलाई 2016 को विमान जब लापता हुआ था, तब उसमें चालक दल के छह सदस्यों समेत 29 लोग सवार थे।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा एक ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) तैनात किया गया था। उसके द्वारा हाल ही में ली गई तस्वीरों की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि यह मलबा मालवाहक विमान एएन–32 का है। मलबा चेन्नई तट से 310 किलोमीटर की दूरी पर है। मंत्रालय ने कहा कि इन तस्वीरों की जांच की गई और पाया गया कि ये एएन–32 विमान से मेल खाती हैं। जिस जगह पर मलबा पाया गया है, इतिहास में उस इलाके (संभावित दुर्घटना स्थल) में किसी अन्य विमान के लापता होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। मलबे से लग रहा है कि यह आईएएफ का दुर्घटनाग्रस्त एएन–32 विमान का है।

वायुसेना का विमान एएन–32 एक मिशन के दौरान 22 जुलाई 2016 को बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हो गया था। इस विमान की पंजीकरण संख्या के–2743 थी। इसमें 29 कर्मी सवार थे। विमान के लापता होने के बाद बड़े पैमाने खोज और बचाव अभियान चलाया गया था। लेकिन, उस समय मलबे का पता नहीं लगा। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में गहरे समुद्र एयूवी तैनात किया था। एयूवी को लापता एएन–32 विमान के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में तैनात किया गया था।


## अमेरिका ने रूस के खिलाफ की नए प्रतिबंध की घोषणा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच कथित तौर पर हथियारों के हस्तांतरण से जुड़े एक व्यक्ति, तीन संस्थाओं और चार विमानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, विदेश विभाग आज नवंबर 2023 के अंत से रूस में उ. कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइलों के हस्तांतरण और रूस द्वारा परीक्षण में शामिल एक व्यक्ति और तीन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है। विभाग अमेरिका द्वारा नामित मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एविएशन (वीटीए) के स्वामित्व वाले चार विमानों पर भी पाबंदी लगा रहा है।बयान में कहा गया है कि प्रतिबंध सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन 224वीं फ्लाइट यूनिट के जनरल डायरेक्टर व्लादिमीर मिखेचिक को निशाना बनाते हैं। साथ ही प्रतिबंधों का लक्ष्य व्लादिमीरोव्का एडवांस्ड वेपन्स एंड रिसर्च कॉम्प्लेक्स और अशुलुक फायरिंग रेंज भी है।गौरतलब है कि नवंबर में रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने इस बात से इनकार किया था।

## ईरान को अलग–थलग करने व क्षेत्रीय संबंधों को सामान्य बनाने का सबसे अच्छा तरीका फिलिस्तीनी राज्य : ब्लिंकन

**तेल अवीव , एजेंसी ।** मध्य पूर्व के सात दिवसीय तूफानी दौरे को समाप्त करते हुए, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का मार्ग ईरान को अलग–थलग करने, हाशिए पर रखने और क्षेत्रीय संबंध सामान्य बनाने का सबसे अच्छा तरीका है। ब्लिंकन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल–फतह अल–सीसी के साथ बैठक के बाद काहिरा में पत्रकारों से बात करते हुए यह टिप्पणी की।शीर्ष अमेरिकी राजनयिक के अनुसार, इस क्षेत्र के सामने दो रास्ते हैं।ब्लिंकन ने कहा, पहले में इजरायल को क्षेत्रीय देशों और साथ ही अमेरिका और एक फिलिस्तीनी राज्य से सुरक्षा आश्वासन और प्रतिबद्धताओं के साथ एकीकृत किया जाएगा।उन्होंने कहा,दूसरा रास्ता आतंकवाद, शून्यवाद, हमास द्वारा, हौथिस द्वारा, हिजबुल्लाह द्वारा विनाश को देखना जारी रखना है ये सभी ईरान द्वारा समर्थित हैं। यदि आप पहले रास्ते पर चलते हैं, तो यह ईरान और उन प्रॉक्सी को अलग–थलग करने, हाशिए पर रखने का सबसे अच्छा तरीका है जो हमारे लिए और क्षेत्र में बाकी सभी लोगों के लिए इतनी परेशानी पैदा कर रहे हैं। काहिरा की अपनी यात्रा के अलावा, ब्लिंकन ने गाजा में युद्ध को समाप्त करने के तरीकों की तलाश में तुर्की, जॉर्डन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और इज़राइल के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की।

# दिल्ली समेत उत्तर भारत को ठिठुराएगी ठंड, कोहरा करेगा परेशान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर यूपी–बिहार तक समूचा उत्तर भारत शुक्रवार को भी कड़के के ठंड से बेहाल रहा। कई दिनों के बाद दोपहर में खिली धूप ने थोड़ी राहत दी लेकिन शाम होते ही फिर बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं, कोहरे ने भी रेल, हवाई और सड़क यातायात को बाधित रखा।

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा। इसका सीधा असर ट्रेन और हवाई यातायात के साथ सड़क पर यात्रा भी दिखाई देगा। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में दो दिन कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अगले तीन दिन यानी 15 जनवरी तक तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक और लक्षद्वीप द्वीपों में हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

वहीं पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। जम्मू में बीती रात सीजन की सबसे सर्द रात रही। जम्मू में रात का तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही श्रीनगर में माइनस चार डिग्री, गुलमर्ग में माइनस 3.2 डिग्री, लेह में माइनस 11.2 डिग्री, कटड़ा में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 12 जनवरी को घने कोहरे के कारण देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली 23 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

## लेबनानी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी दूत से इजराइल–लेबनान सीमा पर शांति का किया आग्रह

**बेरुत ,एजेंसी।** लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने अमेरिकी दूत अमोस होचस्टीन के साथ चर्चा के दौरान दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का आग्रह किया है।

लेबनानी मंत्रिपरिषद के एक बयान के अनुसार, हिज़्बुल्लाह और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए लेबनान का दौरा करने वाले मिकाती ने होचस्टीन से कहा, हम अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के पालन के माध्यम से शांति और स्थिरता चाहते हैं।

बयान में कहा गया है कि अपनी ओर से, होचस्टीन ने दक्षिणी लेबनान में स्थिति को शांत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और आगे की स्थिति को रोकने के लिए अस्थायी समझौते की खोज का प्रस्ताव दिया। होचस्टीन ने लेबनान–इजरायल सीमाओं पर मौजूदा स्थिति के साथ–साथ गाजा में संघर्ष पर लेबनानी संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी और अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की।

# एसए 20 में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं पोलार्ड और पूरन



नई दिल्ली , वेस्टइंडीज के स्टार निकोलस पूरन और कीरोन पोलार्ड एसए20 सीजन 2 में डरबन सुपर जाइंट्स और एमआई केपटाउन के साथ डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। निकोलस पूरन डीएसजी टीम में होंगे और अपने दिग्गज त्रिनिदाद और टोबैगो के हमवतन कीरोन पोलार्ड के खिलाफ आमने-सामने होंगे, जो एमआई केप टाउन की कप्तानी करेंगे।

पूरन पिछले 12 महीनों में दुनिया भर के टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरन ने इस मौके पर कहा, सबसे पहली बात तो यह कि मैं कोई सुपरस्टार नहीं हूं। मैं बस वही जारी रखना चाहता हूं जो मैं पिछले कुछ वर्षों से कर रहा हूं, जो निरंतर बना रहना और अपने साथियों को प्रदर्शन करने में मदद करना है।

मैं एक टी20 विशेषज्ञ हूं... प्रशंसक बाहर आते हैं और टी20 क्रिकेट देखते हैं। मैं उस रास्ते पर चला गया हूं। मुझे लगता है कि टी20 अद्भुत है। न केवल खिलाड़ी बल्कि प्रशंसक भी टी20 क्रिकेट के प्रति आकर्षित हैं।

पोलार्ड भी इस लीग का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं कोशिश करने और बदलाव लाने के लिए आ रहा हूं, जाहिर तौर पर टीम के नजरिए से हमारा पिछला सीजन उतना अच्छा नहीं रहा, लेकिन इस बार हम अपने फैंस को निराश नहीं करना चाहेंगे।

# टी20 विश्व कप को देखते हुए रोहित और विराट को वापस इस फॉर्मेट में लौटना चाहिए : एमएसके प्रसाद

नई दिल्ली , अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए भारत के चयन में सबसे बड़ी चर्चा का विषय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी है।

भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि इस जोड़ी को सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करनी चाहिए और कहा कि यह जोड़ी 1-29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेलने वाली टीम का हिस्सा होगी।प्रसाद ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं समझता हूं कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद रोहित और विराट को थोड़ा आराम दिया गया था। मुझे लगता है कि वनडे विश्व कप जैसे बड़े आयोजन के बाद इसकी जरूरत थी। उन्हें उस तरह के ब्रेक की जरूरत थी। इसलिए, उन्हें आराम मिला है। इस बीच युवाओं ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। देखिए, मेरी राय है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि विराट और रोहित टी20 विश्व कप का हिस्सा होंगे, इसलिए उन्हें इस श्रृंखला से खेलना शुरू कर देना चाहिए।रोहित और विराट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 2023 में घरेलू धरती पर वनडे विश्व कप की अगुवाई में मौजूद होने के कारण एक साल से अधिक समय तक टी20 प्रारूप से अनुपस्थित रहे थे, जहां भारत दोनों मौकों पर उपविजेता रहा था।सवाल उठता है कि वे पिछले टी20 विश्व



कप के बाद क्यों नहीं खेले। उनके नहीं खेलने का कारण यह था कि हम वनडे विश्व कप की ओर बढ़ रहे थे, इसलिए हम मुख्य रूप से वनडे मैचों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते थे।यह पहली बार होगा जब भारत द्विपक्षीय पुरुष टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान का सामना करेगा जिसके मैच क्रमशः 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में होंगे। टी20 वर्ल्ड कप से पहले यह भारत की यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज होगी।प्रसाद ने कहा, मैं निश्चित रूप से जितना संभव हो सके उतनी मजबूत टीम बनाना पसंद करूंगा। इसका कारण यह है कि आईपीएल में प्रवेश करने और वास्तविक टी20 प्रारूप में आने से पहले ये केवल तीन टी20 बचे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अफगानिस्तान एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी टीम है और जो भी संभव होगा वह करेगी।उन्हें यह भी लगता है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को मेगा इवेंट के लिए भारत की टीम चुनने में काफी परेशानी होगी।प्रसाद ने कहा, मुझे लगता है कि विराट, रोहित जैसे खिलाड़ी, यहां तक कि उस मामले के लिए, शमी, बुमराह, सिराज, जड़ेजा और हार्दिक के अलावा श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी हैं।

# दिनेश कार्तिक भारत-ए दौरे के लिए इंग्लैंड लायंस के बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त



अहमदाबाद ,भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को इंग्लैंड लायंस का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया गया है, जो यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 12 जनवरी से भारत-ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच के बाद तीन चार दिवसीय मैच खेलेंगे। 2024 की शुरुआत में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की पुरुषों की पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के समानांतर चलने के लिए इंग्लैंड लायंस भारत के एक महीने के दौरे पर जाने के लिए तैयार है। अहमदाबाद में आयोजित लायंस भारत ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा, उसके बाद उन्हीं के खिलाफ चार दिवसीय तीन मैच खेलेगा।समूह 12 जनवरी से 4 फरवरी तक यथास्थान रहेगा, जो हैदराबाद में पहला टेस्ट (25 जनवरी से शुरू) और विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट का पहला भाग (2 फरवरी) के साथ मेल खाएगा। मुख्य कोच के रूप में कार्यभार का नेतृत्व इंग्लैंड के पुरुष एलीट पेस बॉलिंग कोच, नील किलीन करेंगे, जिन्होंने पिछले साल लायंस के श्रीलंका दौरे के दौरान अपने नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया था। लायंस के लिए कोचिंग लाइनअप में क्रिकेट विशेषज्ञता की एक प्रभावशाली श्रृंखला है। इस कोचिंग अभियान में किलेन के साथ भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ रखने वाले व्यक्ति शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय अतिरिक्तताओं में भारत के अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय विकेटकीपर-बल्लेबाज, दिनेश कार्तिक शामिल हैं, जो दौरे की शुरुआत में नौ दिनों तक टीम के साथ अपनी अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। इंग्लैंड पुरुष प्रदर्शन निदेशक मो बोबाट ने कोचिंग समूह के प्रति अपनी संतुष्टि व्यक्त की और उनके द्वारा लाए गए अनुभवों की गहराई और विविधता पर जोर दिया। नील किलीन, लायंस के साथ अपने पिछले कार्यकाल में प्रभावित होकर, एक बार फिर मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। भारत ए के खिलाफ एक रोमांचक चुनौती होने के लिए हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने वाला इतना मजबूत कोचिंग समूह होना बहुत अच्छा है। समूह के पास अनुभवों और विशेषज्ञता का एक गहरा और विविध सेट है। उन्होंने कहा, नील किलेन ने पिछले साल श्रीलंका में लायंस का नेतृत्व करते हुए बेहतरीन काम किया था और वह फिर से मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। इंग्लैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी इयान बेल और ग्रीम स्वान भी कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं, जो भारत में खेलने से अपने ज्ञान और अनुभवों का खजाना लेकर आए हैं।

# आईपीएल खेल चुके इस मशहूर क्रिकेटर को 8 साल की सजा



काठमांडू , नेपाल के क्रिकेटर संदीप लामिछाने को नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में 8 साल की सजा सुनाई गई है। 10 दिन पहले ही संदीप को अदालत ने दोषी ठहराया था। सजा आज सुनाई गई है। 23 साल के संदीप नेपाल क्रिकेट का बड़ा चेहरा रहे हैं और वो इंडियन प्रीमियर लीग भी खेल चुके हैं। संदीप लामिछाने महज 23 साल की उम्र में नेपाल की ओर से 100 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। 2018 में अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज करने वाले संदीप ने अब तक खेले कुल 51 वनडे मैचों में 112 विकेट चटकाए हैं। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में यह स्पिन गेंदबाज 52 मैचों में 98 विकेट निकाल चुका है।दुष्कर्म पीड़िता का आरोप था कि लामिछाने ने 2022 में उन्हें 21 अगस्त को काठमांडू और भक्तपुर के विभिन्न स्थानों पर घुमाया। इसके बाद काठमांडू के सिनामंगल के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। संदीप एक लेग स्पिनर हैं। 2016 अंडर-19 वर्ल्ड कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था, तब उस टूर्नामेंट में नेपाल की टीम आठवें स्थान पर रही थी। इसके बाद 2018 में उन्हें आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट मिला। दिल्ली कैपिटल्स ने संदीप को नीलामी में खरीदा था। वह आईपीएल का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले नेपाल के पहले क्रिकेटर बने थे। दिल्ली ने संदीप को उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा था। संदीप तब नेपाल क्रिकेट के पोस्टर ब्वॉय बन चुके थे।

# एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगे

नई दिल्ली ,एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में ट्रेनिंग करेंगे।

खेल मंत्रालय, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स ) के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के हवाई किराए, बोर्डिंग और आवास व्यय के साथ-साथ प्रशिक्षण और मालिश सुविधाओं का लाभ उठाने की लागत, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा व्यय और अन्य व्ययों के बीच चिकित्सा बीमा लागत का वित्तपोषण करेगा।



इस बीच टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सेंट लुइस में एक महीने के पुनर्वास प्रशिक्षण के लिए अमेरिका जाएंगी। वह एरोन होर्शिग के साथ नियमित सत्र करेंगी और इस दौरान उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगे।

टॉप्स फंडिंग के तहत मंत्रालय, उनके और उनके कोच के हवाई किराए, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, जिम खर्च, चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।

एमओसी ने पहलवान दीपक पुनिया (फ्रीस्टाइल), आशु (ग्रीको-रोमन) और रोनित शर्मा (ग्रीको-रोमन) के विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है। टॉप्स ओलंपियन दीपक पुनिया को मिशिगन, अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता करेगा।

किशोर अपने फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ वहां 31 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे, जबकि भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान अल्माटी, कजाकिस्तान जाएंगे और कजाकिस्तान की कुश्ती टीम के साथ 14 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान दोनों के साथ उनके कोच, मसाजर और स्पारिंग पार्टनर भी मौजूद रहेंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com